पंजाब केसरी 19/11/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने 'नशा मुक्त भारत' थीम पर निकाली रैली

## माइंड गेम्स पर हुई 'मोटिवेशनल वर्कशॉप' में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग




'नशा मुक्त भारत' थीम पर रैली निकालते गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थी। (चंदमोहन)



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में माइंड गेम्स पर आयोजित 'मोटिवेशनल वर्कशॉप' में मस्ती करते विद्यार्थी। (चंदमोहन)

अम्बाला, 18 नवम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एन.एस.एस. इकाइयों एवं 'आरोग्य भारती' के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान 'नशा मुक्त भारत' थीम पर पोस्टर मेकिंग-प्रतियोगिता आयोजित की गई और रैली का आयोजन किया गया। इसके अलावा अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल के प्रांगण में स्थित अटल कैंसर सैंटर के निदेशक द्वारा 'ब्रैस्ट कैंसर जागरुकता' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। शिविर में माइंड गेम्स पर एक 'मोटिवेशनल वर्कशॉप' का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंश राठी ने प्रथम स्थान तथा कनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रति जागरुकता फैलाना एवं समाज को नशा निरोध की दिशा में प्रेरित करना रहा।

शिविर के अंतर्गत अटल कैंसर केयर सैंटर, अम्बाला कैंट के निदेशक डॉ. यशपाल वर्मा द्वारा ब्रैस्ट कैंसर जागरुकता पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्तन कैंसर के लक्षणों, समय रहते जांच के महत्व तथा इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और लक्षणों की अनदेखी न करने की सलाह दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और विषय से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

इसके पश्चात् शिविर में एक प्रेरक मनोवैज्ञानिक कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व सैन्य अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को विविध मनोवैज्ञानिक गतिविधियों के माध्यम से आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच तथा जीवन प्रबंधन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने जीवन को एक कक्षा की संज्ञा देते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन, खेल, व्यवसाय, परिवार, मित्रता, सामाजिक कार्य और आनंद में ईमानदारी और दृढ़ इच्छाशक्ति से ही सफलता प्राप्त कर सकता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा आयोजित नशा मुक्त भारत थीम पर आधारित गतिविधियां अत्यंत सराहनीय हैं और आरोग्य भारती संस्था इस प्रकार की गतिविधियों की हमेशा से पक्षधर रही है। उन्होंने पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर अंश राठी और कनिका को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ाते हैं।

डॉ. रोहित दत्त ने डॉ. यशपाल वर्मा के मूल्यवान व्याख्यान के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को कैंसर जैसे गंभीर स्वास्थ्य विषयों पर जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने गुरप्रीत सिंह द्वारा आयोजित प्रभावी मनोवैज्ञानिक कार्यशाला के लिए एन.एस.एस. अधिकारियों और यूनिट के सभी सदस्यों को बधाई दी।